कार्यालय विकास आयुक्त

छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन प्रकोष्ठ

ब्लॉक–चार, प्रथम तल, कक्ष क्र.–38(C-IV),

इंद्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.) 492015

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत शासन की अति महत्वकांक्षी योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डी.ए.वाय.–एन.आर.एल.एम.) का क्रियान्वयन राज्य में छत्तीसगढ ग्रामीण आजीविका संवर्धन समिति 'बिहान' के माध्यम से किया जा रहा है। मिशन का मुख्य उद्देश्य आगामी 7–10 वर्षों तक सतत प्रयास से राज्य में गरीबी में कमी लाते हुए जीवन स्तर में सुधार करना है। मिशन अंतर्गत संविदा आधार पर राज्य मिशन प्रबंधन इकाई में निम्नानुसार रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी है :–

क्र.	पदनाम एवं एकमुश्त वेतन	पदो की संख्या
1.	डाटा एण्ट्री आपरेटर (रू 12,000/–)	02 (अना.–01, अ.पि.व.–01)
2.	कार्यालय सहायक (रू 10,000/–)	01 (अ.पि.व.–01)
3.	वाहन चालक (रू 10,000/–)	01 (अ.ज.जा. –01)
4.	भृत्य (रू 8,000/–)	02 (अ.ज.जा.–01, अ.पि.व.–01)

उपरोक्त पदों के लिए अर्हताएं, मापदण्ड एवं प्रक्रिया आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन हेतु निर्धारित प्रारूप निम्नानुसार हैः–

क्र.	पदनाम एवं एकमुश्त वेतन	शैक्षणिक आर्हता
1.	डाटा एण्ट्री आपरेटर रू 12,000/– (अना.–01, अ.पि.व. –01)	1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण। अथवा कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा। 2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में छः माह का डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 5,000 की (Key)

		डिप्रेशन प्रतिघण्टा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी) **अनुभव :– न्यूनतम एक वर्ष का डाटा एण्ट्री का अनुभव अनिवार्य (शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था के अनुभव को प्राथमिकता)**
2.	कार्यालय सहायक रू 10,000/– (अ.पि.व.–01)	1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण। 2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में छः माह का डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र 3. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी) **अनुभव :– न्यूनतम एक वर्ष का कार्यालय सहायक का अनुभव अनिवार्य (शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था के अनुभव को प्राथमिकता)**
3.	वाहन चालक (रू 10,000/–) (अ.ज.जा. –01)	1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से आठवीं की परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण। 2. चार पहिया वाहन चालन हेतु वैध लाईसेंस **अनुभव :– न्यूनतम एक वर्ष का वाहन चालन का अनुभव अनिवार्य (शासकीय/अर्धशासकीय संस्था के अनुभव को प्राथमिकता)**
4.	भृत्य रू 8,000/– (अ.ज.जा.–01, अ. पि.व.–01)	मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से आठवीं की परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण। **अनुभव :– न्यूनतम एक वर्ष कार्य का अनुभव अनिवार्य (शासकीय/अर्धशासकीय संस्था के अनुभव को प्राथमिकता)**

<u>अभ्यार्थियों के लिए सामान्य निर्देश</u> :–

1. किसी पद हेतु आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी को **निर्धारित प्रारूप** में ही आवेदन करना होगा। लिफाफे के उपर पद का उल्लेख अवश्य करें।
2. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है।
3. आवेदक को आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूचियों की स्व–प्रमाणित (Self Attested) छायाप्रतियां संलग्न करना आवश्यक होगा।
4. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति तथा निवास प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।
5. यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के संविदा नियम के अधीन होगी। संविदा नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी जो मिशन की आवश्यकतानुसार कार्यो की समीक्षा उपरांत एक–एक वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकेगी।
6. सभी पद हेतु मान्यता प्राप्त संस्था से जारी अंकसूची/प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे ।

7. ऐसे सभी अभ्यर्थी जो शासकीय/अर्धशासकीय सेवा निवृत्त कर्मचारी नही हैं, के पास रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

8. विभिन्न वर्गों हेतु शासन द्वारा समय–समय पर घोषित आयु–सीमा में छूट के आदेश लागू होंगे।

9. आवेदन के छंटनी उपरांत पात्र पाये गए उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा (पद क्रमांक 3 एवं 4 को छोड़कर) में शामिल होना होगा ।

10. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो प्रत्येक पद के लिए पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

11. प्रत्येक पद हेतु अभ्यर्थियों को निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं आवेदन करने की तिथि तक प्रमाण पत्र सहित पूर्ण किया होना अनिवार्य होगा।

12. प्रत्येक पद के विरूद्ध चयनित उम्मीद्वार के अतिरिक्त प्रतीक्षा सूची जारी की जाएगी जो एक वर्ष के लिए वैध होगी।

13. अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत आवेदन पत्र निम्नानुसार कारणों से निरस्त किया जा सकेगा :–

    I. अस्पष्ट, अपठनीय, पेंसिल से भरा हुआ, अपूर्ण, अहस्ताक्षरित, त्रुटिपूर्ण अथवा दिए गए प्रारूप से पृथक प्रारूप में भरे गये आवेदन ।

    II. किसी पद के विरूद्ध आवश्यक आर्हताएं आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि तक पूर्ण न की गई हो।

    III. अर्हता संबंधी समस्त जानकारियां आवेदन पत्र में भरी नही गई हो।

    IV. आवेदन में उल्लेखित जानकारियों का मिलान संलग्न प्रमाण पत्रों से नही होने पर ।

    V. प्रमाणपत्रों की छाया प्रति स्व–प्रमाणित न की गई हो।

    VI. आवेदन पत्र में फोटोग्राफ चस्पा नही किया गया हो।

    VII. एक ही आवेदन पत्र में एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करना।

    VIII. अभ्यर्थी द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करना अथवा चयन प्रक्रिया को किसी प्रकार से प्रभावित करने की कोशिश करने पर ।

    IX. उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कोई वैध कारण।

14. प्राप्त आवेदनों के संबंध में मिशन संचालक रा.ग्रा.आ.मि. का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

15. आवेदन भारतीय डाक सेवा के पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाना अनिवार्य होगा। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।

16. आवेदन निम्नलिखित पते पर <u>अंतिम तिथि 31/03/2016</u> को सायं 5 बजे तक ही स्वीकृत किये जावेंगे।

<u>आवेदन हेतु पताः</u>

मिशन संचालक,
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन,
ब्लाक–चार, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक–38 (C-IV)
इंद्रावती भवन, नया रायपुर,
छत्तीसगढ़

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

मिशन संचालक,
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन,
ब्लॉक–चार, प्रथम तल, कक्ष क्र.–38 (C-IV),
इंद्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)

स्वप्रमाणित

आवेदित पद का नाम :– .....

आवेदक का नाम :– .....

लिंग :– पुरूष / स्त्री .....

पिता / पति का नाम :– .....

जन्मतिथिः–

दिन	माह	वर्ष

आयु (01.01.2016 के अनुसार):–
वर्ष ..... माह ..... दिन .....

जाति (अजा / अजजा / अ.पि.वर्ग / सामान्य):–.....

मूल निवासः– राज्य ..... जिला ..... वि.खण्ड ..... गांव / शहर .....

पत्र व्यवहार का पता :– .....

.....

फोन / मो.नं. :– .....ई–मेल (यदि हो).....

शैक्षणिक योग्यताएं :–

अर्हताएं	बोर्ड / विवि	डिग्री / डिप्लोमा	परीक्षा परिणाम			
			उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्तांक	पूर्णांक	प्रतिशत
पांचवीं						
आठवीं						
दसवीं						
बारहवीं / पुराना हायर सेकेण्डरी की स्थिति में स्नातक पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष						
अन्य						

संबंधित कार्यक्षेत्र मे अनुभवः–

विभाग/संस्था	पद नाम	कार्य अवधि		
		कब से	कब तक	कुल अनुभव (माह में)
			कुल अनुभव	

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

–: घोषणा :–

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ, कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारियाँ सत्य हैं। किसी स्तर पर जानकारियाँ असत्य पाए जाने पर मेरा आवेदन/सेवायें निरस्त कर मुझ पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

स्थान :

दिनांक :

आवेदक के हस्ताक्षर

नामः–.....